तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 पुलिस जनरल परेड में अनुशासन और संसाधनों की जांच...



12 बाल विवाह रोकने पंचायतों को किया जागरूक...



खबर संक्षेप

परपोड़ी में अवैध शराब पकड़ी तीन आरोपी गिरफ्तार



बेमेतरा। परपोड़ी पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 72 पौवा देशी प्लेन और मसाला शराब जब्त की है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त शराब की कीमत 6,720 रुपये और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की कीमत 40 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने कुल 46,720 रुपये का मशरूका जब्त कर आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लाल सिंह मरकाम शराब भट्ठी परपोड़ी के पास बिक्री के लिए अवैध शराब का भंडारण कर रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे शराब और मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा। पूछताछ में शराब की खेप को पिंटू साहू के कहने पर अमर चंद नेताम उर्फ राम नेताम के घर पहुंचाने के लिए रखे जाने की जानकारी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने मामले में दोनों अन्य आरोपियों की भूमिका के आधार पर कार्रवाई की। मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लाल सिंह मरकाम (20), निवासी गगरिया खम्हरिया, पिंटू साहू (31), निवासी नगधा, वर्तमान निवासी साजा और अमर चंद नेताम ⏭शेष पेज 11 पर

मांग : शिक्षक संगठनों ने ग्रामीण क्षेत्रों की परिस्थितियों को देखते हुए पुनर्विचार की मांग की

बोर्ड परीक्षा के केंद्रों में बदलाव की तैयारी, ग्रामीण विद्यार्थियों को दूसरे स्कूल में देना पड़ सकता है एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारण व्यवस्था में प्रस्तावित बदलाव को लेकर शिक्षक संगठनों ने चिंता जताई है। जानकारी के अनुसार, सत्र 2026-27 से विद्यार्थियों की मूल अध्ययनरत शाला के बजाय समीपस्थ किसी अन्य स्कूल में परीक्षा केंद्र निर्धारित करने की व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बदलाव का असर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों पर भी पड़ सकता है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि कुछ दूरस्थ क्षेत्रों में विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए दूसरे गांव जाना पड़ सकता है। इससे आवागमन, समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने और छात्राओं की सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से 15 ⏭शेष पेज 11 पर

- 2026-27 से नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश की जानकारी

पूर्व व्यवस्था बनाए रखने की मांग

शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री और संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर ग्रामीण क्षेत्रों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नई व्यवस्था पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि परीक्षा केंद्र निर्धारित करते समय स्कूलों की उपलब्धता के साथ विद्यार्थियों की दूरी, परिवहन के साधनों और सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर भी विचार किया जाना चाहिए। फिलहाल, नई व्यवस्था के क्रियान्वयन और ग्रामीण क्षेत्रों में परीक्षा केंद्रों के अंतिम निर्धारण को लेकर संबंधित विभाग की ओर से विस्तृत जानकारी सामने आने का इंतजार है।



छात्राओं की सुरक्षा और परिवहन पर जोर

शिक्षक संगठनों ने कहा है कि ग्रामीण और अनुसूचित क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन के साधन सीमित होने के कारण विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परेशानी हो सकती है। कई विद्यार्थी पहले ही स्कूल आने-जाने के लिए 3 से 4 किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। ऐसे में परीक्षा केंद्र दूर होने पर उनके लिए अतिरिक्त आवागमन की व्यवस्था करना जरूरी होगा। संगठनों ने विशेष रूप से छात्राओं की सुरक्षा और परीक्षा के समय पर केंद्र पहुंचने की सुविधा पर ध्यान देने की मांग की है। हालांकि, नई व्यवस्था से कितने विद्यार्थियों की दूरी बढ़ेगी, इसका आकलन केंद्रों के अंतिम निर्धारण के बाद ही किया जा सकेगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की समस्या होगी विकराल

दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में कई गांवों में हाई या हायर सेकंडरी स्तर का केवल एक ही स्कूल है। ऐसे में यदि संबंधित स्कूल को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाता है, तो विद्यार्थियों को दूसरे गांव जाना पड़ सकता है। शिक्षक संगठनों ने इस स्थिति को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि पालक अक्सर बच्चों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर नजदीकी स्कूल में प्रवेश दिलाते हैं। परीक्षा के दौरान दूर स्थित केंद्र तक पहुंचने की व्यवस्था करना कुछ परिवारों के लिए कठिन हो सकता है। संघ के अनुसार, केंद्र बदलने की स्थिति में कुछ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को मौजूदा केंद्र की तुलना में 5 से 8 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ सकती है।

राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए दिल्ली रवाना हुए डीएवी जांता के प्रतिभावान खिलाड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता के कबड्डी और एथलेटिक्स के प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। क्लस्टर स्तर की स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन के बाद खिलाड़ी 24 से 26 अक्टूबर तक दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हो चुके हैं। उनकी उपलब्धि से विद्यालय सहित जिले में उत्साह का माहौल है।

- 24 से 26 तक राष्ट्रीय स्पर्धा में दिखाएंगे दमखम

नंदिनी में आयोजित डीएवी क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता में जांता के खिलाड़ियों ने अंडर-14 बालिका, अंडर-17 बालक और अंडर-17 बालिका वर्ग में स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन के आधार पर टीम ने कबड्डी के तीन वर्गों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई। सेक्टर-2, भिलाई में आयोजित क्लस्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने पदक जीते। अंडर-17 वर्ग में सीताराम ने 1500 मीटर और 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदक जीते। इसी वर्ग में मोहन साहू ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया। अंडर-14 वर्ग में मोहन साहू ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण और 800 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता।

प्राचार्य ने दी शुभकामनाएं

खिलाड़ियों के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना होने पर विद्यालय के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने खिलाड़ियों, खेल प्रभारियों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य किताबी शिक्षा के साथ विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को निखारना भी है। खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करना पूरे विद्यालय और जिले के लिए गौरव का विषय है।



बिजली उपभोक्ताओं की परेशानियों और विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

बिजली संबंधी समस्याओं, उपभोक्ताओं की परेशानियों और विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर आज 24 अक्टूबर ग्राम देवरबीजा स्थित बिजली सबस्टेशन कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में बिजली से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रस्तावित इस आंदोलन की तैयारी के लिए ग्राम पंचायत देवरबीजा के परमेश्वरी भवन में बैठक आयोजित की गई।

- बिजली समस्याओं पर कांग्रेस का देवरबीजा सबस्टेशन का घेराव

बैठक में उपभोक्ताओं की समस्याओं और जनहित से जुड़ी मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस जनों ने कहा बिजली आम नागरिकों की बुनियादी जरूरत है। ऐसे में बिजली आपूर्ति से जुड़ी परेशानियां, उपभोक्ताओं की शिकायतें और उनके समाधान में होने वाली दिक्कतें लोगों के दैनिक जीवन को प्रभावित करती हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने विद्युत विभाग की जवाबदेही तय करने और उपभोक्ताओं की समस्याओं को संबंधित ⏭शेष पेज 11 पर



बैहर, मलाजखंड, बालाघाट, छिंदवाड़ा, गोंदिया जैसे क्षेत्रों के मार्गों पर आवाजाही होगी आसान

कुम्हारी से अहिवारा होकर पथरिया तक 24.06 करोड़ रुपए से सड़क का होगा चौड़ीकरण, पुल और पुलिया का भी होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

26.60 किमी मार्ग का होगा रिनोवेशन
दो-दो मीटर तक साइड शोल्डर का किया जाएगा विस्तार



स्टेट हाईवे क्रमांक-21 कुम्हारी-अहिवारा-पथरिया मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन को मंजूरी मिल गई है। करीब 26.60 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के उन्नयन से सड़क की स्थिति बेहतर होने के साथ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग को सुरक्षित, सुगम और टिकाऊ बनाने के लिए डामरीकरण सहित आवश्यक संरचनात्मक कार्य कराए जाएंगे।

अलग खबर

यह मार्ग छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश को जोड़ने के साथ क्षेत्र के प्रमुख मार्गों एवं महत्वपूर्ण आवागमन केंद्रों के लिए उपयोगी है। मध्यप्रदेश के कान्हा-किसली राष्ट्रीय उद्यान की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी यह मार्ग महत्वपूर्ण संपर्क प्रदान करता है। इसके अलावा बैहर, मलाजखंड, बालाघाट, सिवनी, गोंदिया जैसे क्षेत्रों को राजधानी रायपुर से जोड़ता है। दुर्ग जिले के ग्रामीण अंचलों एवं अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से राजधानी रायपुर की ओर आवागमन में इस मार्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। मार्ग के सुदृढ़ीकरण से किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और दैनिक यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। बेहतर सड़क से यात्रा अधिक सुगम एवं सुरक्षित होगी तथा समय और परिवहन लागत में कमी आएगी। कृषि उपज एवं अन्य सामग्री के परिवहन को भी गति मिलेगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

26.60 किमी सड़क का होगा सुदृढ़ीकरण

परियोजना के तहत कुल 26.60 किमी मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन किया जाएगा। सड़क पर 60 मिलीमीटर डीबीएम तथा 40 मिलीमीटर बीसी की डामरीकरण परत का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 2 मीटर साइड शोल्डर का निर्माण प्रस्तावित है। इन कार्यों से सड़क की मजबूती, टिकाऊपन और जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा। प्रोजेक्ट के लिए 24.06 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। प्रशासनिक स्वीकृति 24 नवंबर 2025 को जारी हुई थी, जबकि कार्यादेश 8 सितंबर 2026 को जारी किया गया है। कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

5.89 करोड़ रुपए की लागत से बनेंगे 6 नए स्कूल भवन

दुर्ग। जिले में स्कूल शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों को सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में लोक निर्माण विभाग द्वारा लगातार अधोसंरचना विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग, दुर्ग संभाग दुर्ग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 6 नवीन हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल भवनों के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों के लिए शासन द्वारा लगभग 5.89 करोड़ रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। पाटन, धमधा, दुर्ग और भिलाई क्षेत्र के इन भवनों को नवंबर-दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को इनका लाभ मिल सके। इनमें विकासखंड पाटन एवं धमधा सहित दुर्ग एवं भिलाई क्षेत्र के शासकीय स्कूल भवन शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वीकृत कार्यों में पाटन विकासखंड के तेलीगुंडरा में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, धमधा विकासखंड के खिलोराकला और देवरी में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन शामिल हैं। वहीं दुर्ग विकासखंड के पुलगांव और कैंप-02 भिलाई में शासकीय हाईस्कूल भवन तथा धमधा विकासखंड के मलपुरीकला में हाईस्कूल भवन का निर्माण कराया जाएगा। तेलीगुंडरा, खिलोराकला और देवरी में बनने वाले हायर सेकेंडरी स्कूल भवनों के लिए प्रत्येक भवन हेतु 121.16 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस प्रकार तीनों भवनों के निर्माण पर कुल 363.48 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।



हायर सेकंडरी स्कूलों में 9 क्लासरूम और दो प्रयोगशालाएं

निर्माणाधीन हायर सेकंडरी स्कूल भवनों में 9 क्लासरूम, भौतिक शास्त्र और रसायन शास्त्र के लिए पृथक प्रयोगशालाएं, प्राचार्य एवं स्टाफ के लिए कार्यालय तथा आवश्यक शौचालय की सुविधा रहेगी। इससे कक्षा संचालन के साथ विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक अध्ययन के लिए भी उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा। नवीन हाईस्कूल भवनों में 4 क्लासरूम, आर्ट रूम, कंप्यूटर रूम और लैब रूम का प्रावधान है। साथ ही प्राचार्य एवं स्टाफ के लिए कार्यालय तथा आवश्यक शौचालय भी बनाए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ कला, कंप्यूटर एवं प्रयोगात्मक गतिविधियों के लिए सुविधाएं मिलेंगी।

खबर संक्षेप

मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा 1 जनवरी 2027 की स्थिति में मतदाता पुनरीक्षण शुरू किया गया है। इसे लेकर कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण 2 नवंबर तक पूरा किया जाएगा। निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवम्बर को किया जाएगा। 11 दिसंबर तक दावा आपत्ति ली जाएगी। 28 दिसम्बर तक आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। 4 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्रवाई समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

शहीद अशफाकउल्ला खान की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

भिलाई। महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद अशफाकउल्ला खान की जयंती पर छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

अशफाकउल्ला खान भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया

कुरैशी ने बताया कि उनका जन्म 22 अक्टूबर 1900 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ था। वे बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय रहे। काकोरी कांड में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसके कारण ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर मृत्युदंड दिया। 19 दिसंबर 1927 को फैजाबाद जेल में उन्हें फांसी दी गई। उनका अदम्य साहस, राष्ट्र के प्रति समर्पण और सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव अमर रहेगा। शहीद अशफाकउल्ला खान और महान क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की मित्रता भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदू-मुस्लिम एकता और सांप्रदायिक सद्भाव की अनुपम मिसाल है। दोनों ने धर्म और मजहब से ऊपर उठकर मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और अपने बलिदान से देशवासियों को एकता, भाईचारे तथा राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सहित पूरा देश उनके त्याग, वीरता और देशभक्ति को सम्मानपूर्वक स्मरण करता है। उनकी जयंती हमें यह प्रेरणा देती है कि हम आपसी मतभेदों को भुलाकर देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सौहार्द को मजबूत करें। शहीद अशफाकउल्ला खान का जीवन व बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रसेवा-देशप्रेम के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

भाजपा का लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान शुरू, 5 नवंबर तक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ एसआईआर से लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों तक के मुद्दों पर जनजागरूकता फैलाएगी पार्टी

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसा 5 नवंबर तक लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत निर्धारित सात कार्यक्रमों के समन्वय एवं संचालन की जिम्मेदारी जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे को सौंपी गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने जिला कार्यालय प्रियदर्शनी परिसर में आयोजित बैठक के दौरान यह जिम्मेदारी सौंपी।

जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने बताया कि अभियान का उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर जनजागरूकता बढ़ाना और विपक्ष के आरोपों के जवाब में भाजपा का पक्ष तथ्यों के साथ जनता के सामने रखना है। इसके माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता और संवैधानिक प्रक्रियाओं के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान एसआईआर से जुड़े विषयों पर आम जनता को जानकारी दी जाएगी। विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों, आरोपों और तर्कों के संदर्भ में पार्टी अपना पक्ष रखेगी। इसके साथ ही घुसपैठ, लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका और संवैधानिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी जनसंवाद किया जाएगा।

देवांगन ने बताया कि आपातकाल के दौरान प्रेस पर लगाए गए प्रतिबंधों और सेंसरशिप जैसी ऐतिहासिक घटनाओं के माध्यम से लोकतंत्र तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व को सामने रखा जाएगा। महिला अधिकारों, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों के मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। भाजपा का कहना है कि इन विषयों के जरिए विपक्ष के कथित दोहरे मापदंडों को जनता के सामने रखा जाएगा। बैठक में अभियान की तैयारियों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण वर्मा, त्रिलोचन सिंह, पूनम शुक्ला, नटवर ताम्रकार, चन्ना केशवलु, कन्हैया सोनी, पारस जंघेल, रश्मि सिंह, भारती साहू, मनोज तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, विनोद सिंह, प्रेमलाल साहू, योगेन्द्र सिंह, सचिन ताम्रकार, प्रेमचंद देवांगन, मदन सेन, हेमंत देवांगन, जोगेश्वर पुत्र, रवि कश्यप, जाकिर हुसैन, रिंकू साहू, ज्ञान दास मानिकपुरी, निशु पांडेय, मिथिला खिचरिया, सागरिका पाडी और अमित पाहुजा आदि मौजूद थे।

महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक

मुख्य मार्गों की स्ट्रीट लाइटें बंद, कांग्रेस ने किया विरोध अगले ही दिन एमआईसी से 1.95 करोड़ का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शहर के 60 वार्डों के मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। इसे लेकर कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया है। एक दिन पहले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने निगम के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद गुरुवार को हुई एमआईसी की बैठक में 1.95 करोड़ रुपए की लागत से बेहतर प्रकाश व्यवस्था, बिजली पोल के लिए पारित कर शासन को भेजा गया। बैठक में महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त लीना कोसम प्रमुख रूप से मौजूद थे। दोपहर 3 बजे डाटा सेंटर में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास, निर्माण कार्यों, सड़क एवं नाला निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विभागवार विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय एवं स्वीकृति की कार्रवाई की गई।

बैठक में महापौर अलका बाघमार द्वारा मंगाई गई सात बिंदुओं की जानकारी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रस्तुत की। महापौर ने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति एवं प्रस्तावों की जानकारी लेते हुए शहर में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया। प्रमुख सड़कों पर पोल एवं प्रकाश व्यवस्था के लिए 1.95 करोड़ रुपये का प्रस्ताव,बैठक में विद्युत विभाग द्वारा निगम क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर पोल एवं प्रकाश व्यवस्था स्थापित करने के लिए 15वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत 1 करोड़ 95 लाख 84 हजार 720 रुपये का प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया।

शहर में स्थापित होगी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा

उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री की घोषणा के परिपालन में संचालनालय द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए अधोसंरचना मद से 50 लाख रुपये की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में इस कार्य के स्थल परिवर्तन के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। प्रस्ताव के अनुसार वार्ड क्रमांक 18 में पुलिस चौकी के सामने स्थित चौक के पास प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। बैठक में वार्ड 52 स्थित बिम्लेश्वरी कॉलोनी में नाला निर्माण कार्य के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। 15वें वित्त आयोग के अनटाइड ग्रांट मद के अंतर्गत इस कार्य के लिए आर्या कंस्ट्रक्शन, दुर्ग को कार्यादेश जारी किया गया है। वार्ड पार्षद के पत्र के आधार पर प्रस्तावित 4×4 फीट के नाले के स्थान पर 2×2 फीट की नाली निर्माण की मांग रखी गई, जिस पर प्रस्ताव प्रस्तुत कर विचार किया गया। इसी प्रकार गणपति विहार से मां कर्मा पीएमएवाई-एएचपी आवास तक सीसी अप्रोच रोड सहित अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर तामकर, काशीराम कोसरे पस्थित रहे

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निगम पहुंचकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

दुर्ग। मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद के नेतृत्व उप नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र पटेल एवं पार्षद भास्कर कुंडले, श्रीमती मनीषा सोनी,ब्लॉक प्रभारी संजय बत्रा के विशेष उपस्थिति में आज नगर पालिक निगम दुर्ग की उपायुक्त को शहर के 60 वार्डों एवं मुख्य मार्गों में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल चालू कराए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। अलताफ अहमद ने बताया कि दुर्ग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 60 वार्ड हैं। लगभग सभी वार्डों में विद्युत पोलों की स्ट्रीट लाइटें पिछले 2 से 3 महीनों से बंद पड़ी हुई हैं। वहीं शहर के कई मुख्य मार्गों एवं चौराहों की लाइटें भी बंद हैं। इसमें जेल चौक से महात्मा गांधी प्रतिमा तक, जेल चौक से महाराजा चौक मिनीमाता चौक पुलगांव तक, शहीद चौक से एफसीआई गोदाम तक, गंजपारा चौक से नयापारा चौक बघेरा तक के बहुत से खंभों की लाइटें बंद हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रकाश सीमांकर पूर्व पार्षद अशोक मेहरा, सांई मंदिर मंडल कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत तिवारी, चंडी मंदिर मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, कल्याण सिंह ठाकुर, फिरोज खान, रानी देवांगन, ईश्वर साहू, गणेश सोनी, पूर्व एल्डरमेन जगमोहन ढीमर, शशिकांत तिवारी, बृजमोहन तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

एप्रोच रोड की मरम्मत से मिली राहत ग्रामीणों को है स्थायी पुल का इंतजार

पाटन। अमलेश्वर-कुम्हारी मार्ग पर आवागमन हुआ सुगम, लेकिन पुल निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार है। लोगों को क्षतिग्रस्त पुल के स्थायी निर्माण का इंतजार है। सड़क की मरम्मत तो हो गई, मगर पुल निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति अब तक नहीं मिलने से क्षेत्रवासियों की परेशानी का स्थायी समाधान अधर में लटका हुआ है। लंबे समय से इस मार्ग की पुलिया और एप्रोच रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। बारिश के दौरान सड़क का हिस्सा बह जाने से आवागमन प्रभावित हुआ था। ऐसे में लोगों को उम्मीद थी कि समस्या का स्थायी समाधान करते हुए पुल का निर्माण कराया जाएगा। फिलहाल पीडब्ल्यूडी ने एप्रोच रोड की मरम्मत कर रास्ते को आवागमन योग्य बना दिया है, लेकिन यह व्यवस्था कब तक राहत देगी, इसे लेकर आशंकाएं बनी हुई हैं।

■ स्थायी पुल निर्माण अब भी फाइलों में कैद

प्रारूप तैयार, फिर भी निर्माण की राह में अड़चन

जानकारी के अनुसार, लोक निर्माण विभाग की ओर से पुल निर्माण के लिए प्रारूप तैयार करने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसके बावजूद शासन से प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब पुल निर्माण के लिए प्रारूप तैयार है, तो स्वीकृति मिलने में देरी क्यों हो रही है? विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं होने से लोगों को अब तक स्थायी राहत नहीं मिल सकी है।

निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची का प्रकाशन राजनीतिक दलों के सामने आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरपालिका निर्वाचन 2026 के अंतर्गत नगर निगम भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा एवं नगर पालिका परिषद जामुल के लिए 1 अक्टूबर अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली तैयार करने के लिए समय-अनुसूची जारी की गई है। जारी आदेश के परिपालन में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 अक्टूबर को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत 23 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। इसके लिए राजनीतिक दलों से स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को बैठक में उपस्थित होने को कहा गया है।

निजी स्कूलों में प्रवेश से लेकर पढ़ाई जारी रखने तक मिलेगी सहायता

पढ़ाई छोड़ने पर शिक्षा से वंचित बच्चों को कानूनी मदद दिलाएगा नालसा, मनमानी पर होगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



खास खबर

आर्थिक तंगी, सामाजिक परिस्थितियों और अन्य कारणों से पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना बड़ी चुनौती है। दुर्ग जिले में भी शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने और स्कूलों में प्रवेश के दौरान होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने शिक्षा योजना-2026 शुरू की है। इसके तहत पात्र बच्चों और उनके अभिभावकों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की पहल की गई है।

आरटीई में प्रवेश के लिए आने वाली बाधाओं को करेगा दूर

इस योजना का उद्देश्य केवल बच्चों का स्कूल में दाखिला कराना नहीं, बल्कि उनकी पढ़ाई लगातार जारी रखना और शिक्षा के अधिकार से जुड़े मामलों में कानूनी मदद देना भी है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेश दिलाने में आने वाली बाधाओं को दूर करने पर विशेष जोर रहेगा।

जिला और तहसील स्तर पर बनेगी व्यवस्था

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला एवं तहसील स्तर पर विशेष इकाइयां गठित करने की योजना है। ये इकाइयां आरटीई की धारा 12(1)(ग) के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर प्रवेश के लिए अभिभावकों को मार्गदर्शन देंगी। आवेदन भरने, आवश्यक दस्तावेज जुटाने और प्रवेश प्रक्रिया समझने में सहायता दी जाएगी।

नियम विरूद्ध शुल्क पर भी लगेगी रोक

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में गरीब वर्ग के बच्चों को प्रवेश निःशुल्क हैं। प्रदेश सरकार ऐसे बच्चों की शैक्षणिक फीस वहन करता है। उसके बाद भी कोई स्कूल नियमों के विरुद्ध शुल्क मांगता है, पात्र बच्चे का आवेदन मनमाने तरीके से निरस्त करता है या प्रवेश देने में बाधा उत्पन्न करता है, तो अभिभावक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इससे उन परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है, जो जानकारी और आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण अपने बच्चों के अधिकारों के लिए आवाज नहीं उठा पाते।

दाखिले के बाद भी रखी जाएगी नजर

नालसा योजना के तहत बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के बाद उनकी नियमित उपस्थिति और पढ़ाई जारी रहने पर भी नजर रखने की व्यवस्था प्रस्तावित है, ताकि बच्चे दोबारा पढ़ाई से दूर न हों। जिले में शाला त्यागी बच्चों को चिह्नित कर उनकी शिक्षा की स्थिति जानना और उन्हें फिर से स्कूल से जोड़ना भी जरूरी होगा। नालसा की यह पहल तभी प्रभावी होगी, जब शिक्षा विभाग, स्कूल प्रबंधन और विधिक सेवा प्राधिकरण मिलकर काम करेंगे। दुर्ग जिले में हजारों बच्चों के पढ़ाई छोड़ने की चुनौती के बीच जरूरत है कि प्रत्येक बच्चे तक योजना की जानकारी पहुंचे और पात्र परिवारों को समय पर सहायता मिले।

खबर संक्षेप



शिवधाम कोड़िया में देवांगन की तीन पुस्तकों का विमोचन

नंदकठी। दुर्गा दशहरा महोत्सव समिति द्वारा शिवधाम कोड़िया में दशहरा उत्सव मनाया गया। स्वर्ण शिखा नाट्य कला मंच द्वारा रामलीला मंचन के पश्चात रावण दहन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य भूपेंद्र साहू, अध्यक्ष सरपंच जानकी साहू एवं विशेष अतिथि प्रदीप साहू द्वारा डॉ. नीलकंठ देवांगन की तीन पुस्तकों-'दशहरे की रामलीलाः अहंकार का अग्निपथ', 'जिंदगी बढ़त गिसः अन्तस के पीरा' तथा 'छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल' का विमोचन किया गया। पुस्तकों के मुख्य पृष्ठ सज्जाकार हरीश कुमार देवांगन का सम्मान किया गया। रात में क्रांति बसु कृत लोक रंजनी की प्रस्तुति हुई।

कूर्मि आइडल नृत्य के लिए 25 को होगा ऑडिशन

अण्डा। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कूर्मि क्षत्रिय समाज द्वारा कूर्मि आइडल नृत्य प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 25 अक्टूबर को चंद्राकर भवन, कुथरेल में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक ऑडिशन होगा। मुख्य प्रतियोगिता 19 दिसंबर को कोलिहापुरी में होगी। प्रतियोगिता में सामूहिक और एकल-युगल श्रेणियों के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार (21,001 रुपए तक) और विनर शील्ड प्रदान की जाएगी। आयोजन के संबंध में योगेश्वर कुमार देशमुख, प्रदीप देशमुख, आशिष दिल्लीवार और मनीष देशमुख ने जानकारी दी।

झोला में हर्षोल्लास के साथ मनाया दशहरा पर्व

अण्डा। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम



झोला में विजयादशमी का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और उत्साह के साथ मनाया गया। रामलीला मंचन और सजे हुए छोटे मेले में बच्चों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह आयोजन आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने का माध्यम बना।

'मिशन लक्ष्मी' का लाभ लिया नंदिनीवासियों ने

नंदिनी। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर के तहत नंदिनी खदान अस्पताल में 'मिशन लक्ष्मी' स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेक्टर-9 अस्पताल की स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. नीना गुहा, डॉ. रुचिका ताम्रकार, डॉ. साध्वी, लता मिश्रा और शशि सिंह ने महिलाओं और बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण और कैंसर जैसे विषयों पर जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और स्वास्थ्य परीक्षण (पैप स्मीयर सहित) भी किया गया। उल्लेखनीय है कि मिशन लक्ष्मी की शुरुआत 8 अप्रैल 2024 को पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 की चिकित्सा टीम तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के कल्याणकारी सीएसआर कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में की गई थी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार, संतोष खांडे और डॉ. पूजा शर्मा उपस्थित रहे।

अपने अंदर के रावणत्व को समाप्त करें : ताम्रध्वज

उतई/अंडा। ग्राम कुथरेल में जिले के सबसे बड़े सार्वजनिक दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम की पूजा और बाल कलाकारों द्वारा भव्य रामलीला मंचन के साथ हुई। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि दशहरा अपने भीतर के अहंकार और बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेने का पर्व है। इस दौरान पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जनपद सभापति लोमश चन्द्राकर, सरपंच गीता गजपाल सहित हजारों दर्शक उपस्थित रहे।

निरीक्षण : बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी प्रोत्साहित

पुलिस जनरल परेड में अनुशासन और संसाधनों की जांच, एसपी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रक्षित केंद्र बेमेतरा स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में शुक्रवार को पुलिस जनरल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने परेड की सलामी लेने के साथ जवानों के अनुशासन, गणवेश और प्रदर्शन का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने शासकीय वाहनों, चालक टूल किट और वाहन रजिस्टर की भी जांच की तथा संसाधनों के उचित रखरखाव के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड में जिले के विभिन्न थाना-चौकियों और पुलिस की अलग-अलग शाखाओं के अधिकारी- कर्मचारी शामिल हुए। जवानों ने टोलीवार परेड और विभिन्न ड्रिल के माध्यम से अपनी दक्षता एवं अनुशासन का प्रदर्शन किया। अच्छी गणवेश धारण करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। एसपी बंसल ने पुलिस बल को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बेहतर कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए पुलिस अनुशासन और तत्परता बनाए रखने पर जोर दिया।

जनरल परेड के दौरान एसपी ने पुलिस विभाग के विभिन्न शासकीय वाहनों की स्थिति, चालक टूल किट और ड्राइवर रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने वाहनों के नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने तथा कमियों को दूर करने के निर्देश संबंधित वाहन शाखा प्रभारी को दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश कुमार यादव, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, स्टेनो संतोष सोनवानी, रीडर-1 निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, निरीक्षक सोनल ग्वाल, जनक राम साहू, उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रशिक्षु सूबेदार चुमन राम उर्वशा, प्रशिक्षु उप निरीक्षक कल्पना महंत, सूरज प्रकाश, निधि गुप्ता, गीतांजली, ईश्वरी कुमारी डूप्ले, सहायक उप निरीक्षक भलेतिनुस पन्ना, कंवल सिंह नेताम, विष्णु सप्रे, जहिर खान, राममिलन सिंह सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कर्मचारी तथा विभिन्न शाखाओं और थाना-चौकियों के प्रभारी, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वाहनों के रखरखाव पर विशेष जोर



बारगांव के तीन हॉकी खिलाड़ियों का ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला विकासखंड के ग्राम बारगांव के तीन हॉकी खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

■ दुर्ग विश्वविद्यालय की टीम से खेलेंगे देवेन्द्र, तुषार और विजय

देवेन्द्र यादव, तुषार यादव और विजय विश्वकर्मा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की टीम से खेलते हुए 27 से 31 अक्टूबर तक बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। तीनों खिलाड़ियों ने राजनांदगांव में आयोजित चयन ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई है। चयनित तीनों खिलाड़ी शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा में अध्ययनरत हैं। उन्होंने बारगांव में पदस्थ व्यायाम शिक्षिका एवं हॉकी कोच तुलसी साहू के मार्गदर्शन में हॉकी का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। तीनों खिलाड़ियों के चयन से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह है।

कोच ने जताया भरोसा

हॉकी कोच तुलसी साहू ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनका चयन मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि तीनों खिलाड़ी वाराणसी में होने वाली प्रतियोगिता में दुर्ग विश्वविद्यालय की टीम की ओर से बेहतर प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

देवादा दशहरा विवाद : पाटन थाना पहुंचे समिति सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

दुर्ग जिले के पाटन थाना क्षेत्र में ग्राम देवादा के दशहरा कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद और मारपीट को लेकर मामला सामने आया है। घटना के बाद दशहरा उत्सव समिति के सदस्य अपनी वेशभूषा में पाटन थाने पहुंचे और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरी घटना में ग्राम अरसनारा चौक के पास एक युवक के साथ मारपीट कर नकदी छीनने के आरोप में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम देवादा निवासी शिकायतकर्ता 20 अक्टूबर की रात करीब 11:40 बजे अपने भाई नीरज कुमार साहू के साथ कार से पाटन से गांव लौट रहा था। इसी दौरान अरसनारा चौक के पास कुछ लोगों के साथ विवाद होने के बाद मारपीट की घटना हुई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चित्रांगद निर्मलकर सहित अन्य लोगों ने कार रोककर नीरज साहू को नीचे उतारा और लोहे की रॉड से हमला किया। इस दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। शिकायतकर्ता के अनुसार, बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि हमले में नीरज साहू के सिर पर गंभीर चोट आई और काफी खून बहने लगा। शिकायत में मारपीट के दौरान करीब 20 से 22 हजार रुपये निकाल लिए जाने की बात भी कही गई है। घटना में अन्य लोगों के शामिल होने का आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता ने सभी संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

■ अरसनारा चौक मारपीट मामले में एफआईआर दर्ज

कुम्हारी सेजेस में 44 लाख से बने 5 कमरों का सांसद विजय बघेल ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

नगर पालिका परिषद कुम्हारी अंतर्गत वार्ड 14 स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल कुम्हारी में अध्ययनरत 1500 विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 5 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय विजय बघेल के विशेष प्रयासों से डीएमएफ से 43.81 लाख की लागत से इन आधुनिक कक्षाओं का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने फीता काटकर नवनिर्मित कक्षों का विधिवत लोकार्पण किया। सांसद ने विद्यालय की प्राचार्या एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक दुबे व अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्कूल की समस्याओं और आवश्यकताओं को लेकर निरंतर की गई चर्चा का विशेष रूप से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 1500 छात्र संख्या वाले इस बड़े विद्यालय में बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिए अतिरिक्त कमरों की महती आवश्यकता थी।

■ पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल को मिली सौगात

इन 5 नए कमरों के निर्माण से विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु बेहतर वातावरण मिलेगा। साथ ही उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आश्वासन दिया कि आगे भी विद्यालय की प्रत्येक आवश्यकता को क्षमतानुसार पूर्ण करने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। समारोह में प्राचार्या विजया श्रीवास्तव, मीना वर्मा, तृप्ति चंद्राकर, अनुराग गुप्ता, मुकेश साहू, प्रवीण राव, राजू निषाद, हरिदास वैष्णव, अश्वनी देशलहरे, ओंकार मरकाम, छबि यादव, पी. एन. उइके, पृथ्वी सिंह, रागिनी निषाद, जूही चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे।

बूचीडीह में घर से 14 लीटर कच्ची शराब जब्त, आरोपी को भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जिले में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम बूचीडीह में एक मकान से 14 बल्क लीटर गुड़ से निर्मित हाथ भट्ठी कच्ची शराब जब्त की है।

मामले में आरोपी जगदेव पारधी (निवासी बूचीडीह) के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। आबकारी विभाग के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी एसएन साहू के मार्गदर्शन में बेरला वृत्त की टीम 23 अक्टूबर को गश्त और जांच पर थी। इसी दौरान मुखबिर से बूचीडीह में अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली। टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी के रिहायशी मकान की तलाशी ली, जहां 20 लीटर क्षमता वाली जरीकेन में रखी करीब 14 बल्क लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 2,800 रुपए बताया गया है। विभाग ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) और 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया। इसके बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक एवं बेरला वृत्त प्रभारी दयालाल साहू, आबकारी उपनिरीक्षक सहदेव मरकाम सहित विभागीय स्टाफ की भूमिका रही। विभाग ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

पेज 9 का शेष

बोर्ड परीक्षा के केंद्रों में बदलाव ...

अक्टूबर को आयोजित वर्चुअल बैठक में जिला शिक्षा अधिकारियों को बोर्ड परीक्षा केंद्रों के संबंध में नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए जाने की जानकारी सामने आई है। अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को सामान्यतः अपनी अध्ययनरत शाला में परीक्षा देने की सुविधा मिलती रही है, जबकि शहरी क्षेत्रों में दूसरे स्कूलों में केंद्र बनाए जाने की व्यवस्था प्रचलित रही है। नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्र निर्धारण किस प्रकार किया जाएगा और किन परिस्थितियों में विद्यार्थियों को दूसरे स्कूल जाना होगा, यह संबंधित दिशा-निर्देशों तथा केंद्रों की अंतिम सूची से स्पष्ट होगा।

बिजली उपभोक्ताओं की ...

अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए घेराव का निर्णय लिया है। प्रस्तावित आंदोलन के जरिए बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण, बेहतर विद्युत व्यवस्था और आम लोगों को राहत दिलाने से जुड़े मुद्दे उठाए जाएंगे। कांग्रेस का कहना है कि बिजली से संबंधित शिकायतों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए और उपभोक्ताओं को समय पर समाधान मिलना चाहिए। ग्राम देवरबीजा स्थित बिजली सबस्टेशन कार्यालय में शनिवार दोपहर 1:30 बजे घेराव प्रस्तावित है। इसके लिए दोपहर 1 बजे देवरबीजा बस स्टैंड पर एकत्र होने की अपील की गई है।

परपोड़ी में अवैध शराब ...

उर्फ राम नेताम (47), निवासी देऊरगांव, जिला बेमेतरा के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत किया। कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, निरीक्षक अजय सोनकर, थाना प्रभारी परपोड़ी प्रशिक्षु उप निरीक्षक विजयेन्द्र कुमार कश्यप सहित साइबर सेल और परपोड़ी पुलिस की टीम शामिल रही।

अंचल की खबरें

भाठागांव आर लीला मंडली ने बटोरी वाहवाही



जामगांव आर। भाठागांव आर की एक सदी पुरानी श्री राम कृष्ण लीला मंडली का मंचन इस बार भी विजयादशमी पर आकर्षण का केंद्र रहा। 68 वर्षीय मंडली मैनेजर शोभाराम देवांगन और डॉक्टर प्रदीप साहू ने बताया कि इस पुरानी परंपरा में चार पीढ़ियों के कलाकार एक साथ प्रभावी अभिनय कर रहे हैं। इसे देखने ग्रामीण दूर-दूर से पहुंचते हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लेखराम साहू, सरपंच रूपेश्वर यादव, जोहित राम साहू, रामप्रताप साहू और केके साहू ने लीला की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्व हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। समिति के अध्यक्ष महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष उमेंद साहू, मैनेजर शोभाराम देवांगन और संचालक डॉ. प्रदीप साहू के मार्गदर्शन में पौराणिक संवादों ने सबका मन मोह लिया। मंच पर धीरज देवांगन (राम), राजकुमार साहू (लक्ष्मण), रोशन देवांगन (भरत), शिवम देवांगन (हनुमान), तीरथ देवांगन (अंगद), युवराज नेताम (जामवंत), हिमांशु साहू (सुग्रीव), महेंद्र साहू (रावण), सुंदर साहू (मेघनाथ), साकेत कतलाम (कुंभकरण), उत्तम साहू (विभीषण), विराट ठाकुर (सुखेन वैद्य) और आदित्य साहू (बाल हनुमान) ने शानदार अभिनय किया। हास्य प्रहसन में डॉ. प्रदीप साहू, शैलेश साहू, गिरधर साहू और शोभाराम देवांगन ने दर्शकों को खूब हंसाया। संगीत सहयोग उत्तम साहू, तेजराम साहू, उमेंद साहू और वादक कलाकारों ने दिया।

भनसुली में हुआ रामलीला मंचन व रावण दहन



पाटन। ग्राम भनसुली में बाल समाज रामलीला मंडली द्वारा 64वें वर्ष भी विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्रीराम की जीवन लीला के सजीव मंचन और रावण वध के बाद पारंपरिक रावण दहन किया गया। इस वर्ष राम की भूमिका में साहू, लक्ष्मण के रूप में साहिल साहू, रावण के रूप में डॉ. तामेश्वर साहू और कुंभकर्ण के रूप में बिट्टू निर्मलकर ने जीवंत अभिनय किया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने अपने बचपन की यादें साझा करते हुए कहा कि यह आयोजन गांव की एकता और संस्कृति का प्रतीक है। सरपंच भगवती मुकेश साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान पुरण लाल साहू, गैंद लाल डहरिया, पद्मभूषण साहू, रामचरण साहू, कल्याण साहू, हुलेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

डुंडेरा में शस्त्र पूजन, राष्ट्र रक्षा का लिया संकल्प



उतई। विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, ग्राम डुंडेरा की शिवम शाखा द्वारा विधि-विधान से शस्त्र पूजन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान राष्ट्र की अखंडता, सुरक्षा और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में टीकम साहू, प्रेमनारायण वर्मा, केशव महिपाल, भूषण देवांगन, सुरेश चोपड़ा, रमाकांत साहू, खुमान सिंह देवांगन, रोहन धनकर, नमन महिपाल, नेध कुमार महिपाल, गगन महिपाल सहित बड़ी संख्या में बाल स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

30 फीट का रावण पांच मिनट में जलकर राख



धमधा। नगर के बाजार स्थित दशहरा मैदान में 83वें दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस वर्ष रावण दहन स्थल में परिवर्तन, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था और शांतिपूर्ण माहौल प्रमुख आकर्षण रहे। तमेर पारा से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसके बाद 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का आतिशबाजी के बीच दहन किया गया। कार्यक्रम में साजा विधायक ईश्वर साहू और नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल विशेष रूप से शामिल हुए।

खबर संक्षेप

हथियार लहराकर डराने धमकाने वाला गिरफ्तार

भिलाई। नेवई पुलिस ने गुरुवार को स्टेशन मरोदा रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर धारदार हथियार लहराकर आम नागरिकों को डराने-धमकाने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की। पुलिस टीम ने गवाहों की उपस्थिति में मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तथा आरोपी को हथियार सहित पकड़कर वैधानिक कार्रवाई की। मुखबिर से सूचना मिली कि स्टेशन मरोदा स्थित रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति स्टील का नुकीले आकार का धारदार हथियार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गवाहों को तलब किया और हमराह स्टाफ के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर एक व्यक्ति स्टील का धारदार हथियार लहराते हुए मिला। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम करन निहाल उर्फ चेरी उम्र 28 वर्ष निवासी शंकरपारा उड़िया बस्ती स्टेशन मरोदा बताया। आरोपी के कब्जे से स्टील का नुकीले आकार का धारदार हथियार बरामद हुआ। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

चाकूबाजी में युवक की मौत, आरोपी फरार

भिलाई। चाकूबाजी के एक मामले में 19 वर्षीय युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि बॉम्बे आवास निवास शिवा सोनी पर रंजिश के चलते चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया है। मृतक शिवा सोनी पर अज्ञात ने चाकू से हमला कर मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में शिवा को गंगोत्री अस्पताल दुर्ग लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को अस्पताल की मरचूरी भेजा गया है। जहां पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंपा जाएगा। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। जिले में चाकूबाजी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है इसे लेकर पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है लेकिन नशे की हालत में युवकों द्वारा कटर से लेकर चाकू तक चला रहें है। हल ही में पुलिस तीन दर्जन से अधिक चाकूबाजी करने वालों पर कार्रवाई किया था। टीआई केशव राम कोसले ने बताया कि घटना हुई है आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आसपास के सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

कल्याण कॉलेज से बंटेंगी मतदान सामग्री

भिलाई। नपानि भिलाई निर्वाचन 2026 की तैयारियों के तहत कल्याण कॉलेज, सेक्टर-7 भिलाई में निर्वाचन सामग्री के वितरण एवं वापसी की व्यवस्था तथा स्ट्रांग रूम तैयार करने की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, आयुक्त सुरुचि सिंह, अपर कलेक्टर सिली थॉमस, अनुविभागीय दंडाधिकारी सोनल डेविड सहित निगम टीम की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन सामग्री के व्यवस्थित वितरण एवं वापसी, स्ट्रांग रूम के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं तथा निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन कर निर्वाचन कार्यों को व्यवस्थित एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सचिवों और सरपंचों को कानून, दंडात्मक प्रावधानों व बाल संरक्षण की दी जानकारी

बाल विवाह रोकने पंचायतों को किया जागरूक, तत्काल सूचना देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बाल विवाह पर रोक लगाने और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी और त्वरित कार्रवाई जरूरी है। इसी उद्देश्य से जनपद पंचायत बेरला के सभागार में विकासखंड के सरपंचों और बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों (सचिवों) के लिए एक दिवसीय संवेदीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

इसमें बाल विवाह प्रतिषेध कानून, दंडात्मक प्रावधानों, बच्चों के संरक्षण और बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल हस्तक्षेप करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। परियोजना अधिकारी डॉ. विद्यानंद बोरकर ने कहा कि बाल विवाह सामाजिक कुरीति होने के साथ कानूनन अपराध भी है। इसे रोकने में ग्राम स्तर पर सचिवों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों से अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने और बाल विवाह की जानकारी मिलते ही तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या नजदीकी थाने में दी जानी चाहिए। जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव ने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं भारत अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के कानूनी प्रावधानों, दंडात्मक कार्रवाई, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के अधिकारों और कर्तव्यों तथा बच्चों के अधिकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विभागों के बीच समन्वय और समय पर सूचना मिलने से बाल विवाह की घटनाओं को रोकने में मदद मिल सकती है।

1098 और 112 की कार्यप्रणाली समझाई

चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला परियोजना समन्वयक चंद्रवंशी ने पॉक्सो अधिनियम, 2012 के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने संकटग्रस्त बच्चों की सहायता के लिए संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और आपातकालीन सहायता नंबर 112 की कार्यप्रणाली, आपातकालीन सेवाओं तथा बच्चों के पुनर्वास से जुड़ी व्यवस्थाओं के बारे में बताया। कार्यशाला के समापन पर उपस्थित सरपंचों, सचिवों और विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपनी-अपनी ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने तथा बच्चों के संरक्षण एवं अधिकारों की सुरक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

राष्ट्रपति मुर्मु के स्वागत में शामिल हुए मंत्री दयाल दास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक दयाल दास बघेल को मुख्यमंत्री निवास में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से आत्मीय भेंट करने का अवसर मिला। इस दौरान राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति के साथ हुई इस मुलाकात और समूह छायाचित्र के क्षणों को मंत्री बघेल ने यादगार एवं अविस्मरणीय बताया। मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट करना उनके लिए विशेष अनुभव रहा। राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के साथियों की मौजूदगी में हुई इस आत्मीय मुलाकात ने इस अवसर को और भी स्मरणीय बना दिया।

एनआई एक्ट के प्रकरण में फरार आरोपी रामसाय यादव गिरफ्तार



बेमेतरा। सिटी कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी रामसाय यादव (48) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। उसके खिलाफ प्रकरण क्रमांक 387/2023 में धारा 138 एनआई एक्ट के तहत स्थायी वारंट जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार, रामसाय यादव पिता छबि राम यादव, निवासी वार्ड 21 सिरवाबांधा रोड, बेमेतरा के खिलाफ न्यायालय से जारी स्थायी वारंट की तामील की गई। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। कार्रवाई में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, आरक्षक कुसुम लाल कोशले सहित थाना स्टाफ का योगदान रहा।

हाईकोर्ट की फटकार के बाद भी अधूरी कार्रवाई पीछे तोड़ा निर्माण, सामने का हिस्सा छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- नवागढ़ के तेंदुआ में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला

सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने पर अवमानना नोटिस जारी होने के बाद शुक्रवार, 23 अक्टूबर को प्रशासन की टीम ग्राम तेंदुआ पहुंची। टीम ने अतिक्रमित निर्माण के पिछले हिस्से को तोड़ दिया, लेकिन सामने का हिस्सा और सड़क की ओर लगा शटर जस का तस छोड़ दिया। कार्रवाई के बाद अब सवाल उठ रहा है कि जब अतिक्रमण हटाना था, तो निर्माण का केवल एक हिस्सा ही क्यों तोड़ा गया? मामला नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम तेंदुआ में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण से जुड़ा है। याचिकाकर्ता विजय उपाध्याय ने वर्ष 2025 में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इस पर हाईकोर्ट ने तीन सप्ताह के भीतर निर्णय लेकर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। आदेश का पालन नहीं होने और एसडीएम कोर्ट से अपील खारिज होने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट ने पिछले दिनों कलेक्टर बेमेतरा, एसडीएम नवागढ़ और तहसीलदार नांदघाट को अवमानना नोटिस जारी किया था।



पीछे का हिस्सा टूटा, सामने का निर्माण सुरक्षित

हाईकोर्ट के नोटिस के बाद प्रशासनिक टीम ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टीम ने निर्माण के पिछले हिस्से को तोड़ा, लेकिन सामने की ओर का पक्का निर्माण और शटर नहीं हटाया। मौके की तस्वीरों में भी पीछे का हिस्सा टूटा हुआ, जबकि सामने का हिस्सा सुरक्षित दिखाई दे रहा है। इस कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि यदि निर्माण अतिक्रमण की श्रेणी में है, तो उसे पूरी तरह हटाने के बजाय आधी कार्रवाई क्यों की गई? वहीं, यदि निर्माण का कोई हिस्सा नियमानुसार सुरक्षित रखा गया है, तो उसके आधार और सीमांकन की स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है। फिलहाल उपलब्ध जानकारी से यह स्पष्ट नहीं है कि सामने का हिस्सा छोड़ने के पीछे प्रशासन का क्या आधार रहा।

याचिकाकर्ता ने कार्रवाई को बताया अधूरा

याचिकाकर्ता विजय उपाध्याय के अनुसार, 23 अक्टूबर को की गई कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश का पूर्ण पालन नहीं है। उनका कहना है कि पीछे का हिस्सा तोड़ दिया गया, लेकिन सामने का निर्माण छोड़ दिया गया है। जब तक पूरे अतिक्रमित हिस्से को हटाकर स्थल समतल नहीं किया जाता, तब तक कार्रवाई को पूर्ण नहीं माना जा सकता। उन्होंने इस संबंध में तहसीलदार नांदघाट से जानकारी लेने के लिए संदेश भी भेजा, लेकिन खबर लिखे जाने तक जवाब नहीं मिला। प्रशासन आगे कार्रवाई करेगा या फिलहाल यहीं विराम दिया जाएगा, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

पात्र नागरिकों के नाम जुड़वाने और सुधार के लिए कर सकेंगे दावा-आपत्ति

मारो में मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन दावा-आपत्ति के लिए जागरूकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नगर पंचायत मारो में शुक्रवार को निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) का प्रथम प्रकाशन किया गया। इस दौरान मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए दावा- आपत्ति की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों से आम नागरिकों को जागरूक करने तथा पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने में सहयोग की अपील की। नगर पंचायत मारो के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अजय उरांव, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नांदघाट तहसीलदार सुमीत देवांगन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनीष कुमार ठाकुर और मास्टर ट्रेनर अनिल वर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, बीएलओ और जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। कार्यक्रम में अधिकारियों ने मतदाता सूची के प्रथम प्रकाशन के बाद दावा-आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया और निर्धारित समय-सीमा की जानकारी दी। बताया गया कि इसके माध्यम से पात्र एवं छूटे हुए नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाए जा सकते हैं। वहीं, अयोग्य या दोहरी प्रविष्टियों वाले नामों को हटाने तथा नाम, आयु और पते जैसी जानकारियों में आवश्यक सुधार के लिए भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन किया जा सकता है।

घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ

अधिकारियों ने बीएलओ को वार्डवार घर-घर जाकर मतदाताओं को दावा-आपत्ति की प्रक्रिया की जानकारी देने और निर्धारित अवधि में आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी कहा गया कि वे आम लोगों को मतदाता सूची की जांच करने के लिए प्रेरित करें, ताकि किसी पात्र नागरिक का नाम छूटने और सूची में गलत प्रविष्टि रहने की आशंका को कम किया जा सके।कार्यक्रम में मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्राप्त दावों और आपत्तियों के निराकरण के माध्यम से निर्वाचक नामावली को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने पर जोर दिया गया।

पंचमढ़ी एडवेंचर कैंप में हसदा के 8 विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम



बेमेतरा। स्वामी आत्मानंद डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, हसदा के आठ स्काउट-गाइड एवं रोवर-रेंजर विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश के पंचमढ़ी में आयोजित एडवेंचर कैंप में भाग लेकर विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

शिविर में विद्यार्थियों ने पर्वतारोहण, ट्रैकिंग सहित विभिन्न साहसिक गतिविधियों में हिस्सा लिया और आपदा प्रबंधन, सुरक्षा एवं बचाव का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कैंप में स्काउट के रूप में सूरज बिस्वास, नारायण छेदैया और प्रशांत साहू, गाइड के रूप में झरना पाल, रोवर के रूप में लिकेश देवांगन, सूर्य निर्मलकर और हिमेश साहू तथा रेंजर के रूप में भावना वर्मा शामिल हुए। साहसिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामूहिक रूप से कार्य करने की भावना विकसित हुई। विद्यार्थियों ने गाइडर एवं रेंजर लीडर रामेश्वरी साहू तथा स्काउटर एवं रोवर लीडर लोकेश्वर राव के मार्गदर्शन में शिविर में सहभागिता की। विद्यालय के प्राचार्य जी.पी. सिंह और शिक्षक दुष्यंत परघनिया का भी आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा। विद्यार्थियों की सहभागिता पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यार्थियों को इस साहसिक शिविर में भाग लेने का अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्राचार्य एवं शिक्षक के प्रति आभार जताया।

बाघुल में शरद पूर्णिमा पर हांफ नदी तट पर होगी भव्य महाआरती

नवागढ़। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम बाघुल में गंगा स्वरूपा हांफ नदी के तट पर 25 अक्टूबर, रविवार को भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के चौथे वर्ष को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। धार्मिक अनुष्ठान, कलश यात्रा, रामधुनी और दीपदान के बीच नदी तट भक्ति और आस्था से सराबोर होगा। इस वर्ष भव्य आतिशबाजी आयोजन का विशेष आकर्षण रहेगी। कार्यक्रम के तहत शाम 4 बजे बजरंगबली मंदिर चौक से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। सरपंच कृष्णी देवी और ग्रामीणों की सहभागिता में रामधुनी गाते हुए श्रद्धालु गांव के विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन करेंगे और ग्राम भ्रमण करते हुए श्रीराम-जानकी एवं शिव मंदिर स्थित नदी तट पहुंचेंगे। यहां ग्रामीणों की सामूहिक उपस्थिति में हांफ नदी की महाआरती की जाएगी। आयोजन के दौरान विप्रजनों के सान्निध्य में विधि-विधान से पूजा-अर्चना होगी। पहले धूप से शिव आरती की जाएगी, इसके बाद दीपों से महाआरती कर दीपदान किया जाएगा। श्रद्धालु नदी तट पर दीप अर्पित कर सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना करेंगे।

आयोजन को लेकर गांव में उत्साह

शरद पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर पूरे गांव में उत्साह और उमंग का माहौल है। आयोजन के माध्यम से ग्रामीण अपनी धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ सामूहिक सहभागिता और सामाजिक एकजुटता का संदेश भी देंगे। सरपंच कृष्णी देवी ने ग्रामवासियों सहित आसपास के सभी धर्मप्रेमियों से आयोजन में शामिल होकर महाआरती और दीपदान में सहभागिता निभाने की अपील की है।

देवकर में दिनभर बिजली की आंख-मिचौनी सात-आठ बार कटौती से लोग हलाकान

दुकानदारों का कारोबार प्रभावित, स्थायी समाधान नहीं होने से बढ़ रही नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर पंचायत देवकर में बिजली की बार-बार कटौती से नगरवासी और व्यापारी परेशान हैं। दिनभर में सात से आठ बार बिजली गुल होने से जहां घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। लगातार बिजली बंद होने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। नगर वासियों ने संबंधित बिजली विभाग से कटौती के कारणों की जांच कर व्यवस्था में सुधार की मांग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, नगर में दिनभर कई बार बिजली गुल हो जाती है। इससे घरों के जरूरी काम प्रभावित होते हैं। बार-बार बिजली बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बिजली पर निर्भर दुकानों में कामकाज रुक जाता है, जिससे ग्राहकों को भी इंतजार करना पड़ता है। बिजली कटौती का असर छोटे दुकानदारों और व्यापारियों पर भी पड़ रहा है। विद्युत उपकरणों से होने वाले काम बिजली बंद होते ही ठप हो जाते हैं।

स्थायी समाधान की दरकार

नगरवासियों का कहना है कि बिजली की नियमित आपूर्ति घरेलू जरूरतों के साथ व्यापारिक गतिविधियों के लिए भी जरूरी है। ऐसे में दिन में सात से आठ बार बिजली गुल होने की समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। लोगों ने विभाग से बार-बार बिजली बंद होने के कारणों का पता लगाकर स्थायी समाधान करने की मांग की है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस समस्या को दूर करने के लिए कब तक ठोस कदम उठाता है।

लेंजवारा में हनुमान मंदिर से पानी टंकी तक बनी सड़क की गिट्टियां उखड़ीं

सात लाख का सीसी रोड सालभर में जर्जर, सांसद निधि के निर्माण पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

- सूचना बोर्ड भी गायब, ग्रामीणों ने की गुणवत्ता जांच की मांग

विकास कार्यों पर सरकारी राशि खर्च होने के बाद भी यदि सड़क सालभर में ही जर्जर होने लगे, तो निर्माण की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत ग्राम पंचायत लेंजवारा में सांसद निधि से सात लाख रुपये की लागत से बनी सीसी सड़क को लेकर ऐसी ही शिकायत सामने आई है।

ग्राम के वार्ड क्रमांक 7-8 में हनुमान मंदिर से पानी टंकी तक बनाई गई सड़क की सतह से गिट्टियां उखड़ने, सीमेंट झड़ने और जगह-जगह दरारें आने की बात ग्रामीणों ने कही है। निर्माण के महज एक साल के भीतर सड़क की हालत खराब होने से ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, निर्माण कार्य की जानकारी देने वाला सूचना बोर्ड भी मौके पर नहीं होने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत की सरपंच डिगेश्वरी रूपसिंग साहू के अनुसार, ठेकेदार ने फोटो खिंचवाने के लिए बोर्ड लगाया था, लेकिन बाद में उसे निकालकर अपने साथ ले गया।

सालभर में उखड़ने लगी सड़क की सतह : ग्रामीणों के अनुसार, सड़क निर्माण के कुछ समय बाद ही इसकी सतह खराब होने लगी थी। ग्रामीणों ने सड़क की मोटाई लगभग पांच से छह इंच होने की बात कहते हुए निर्माण में निर्धारित तकनीकी मानकों के पालन की जांच कराने की मांग की है। हालांकि, सड़क की वास्तविक मोटाई, इस्तेमाल की गई सामग्री और निर्माण की गुणवत्ता की आधिकारिक पुष्टि तकनीकी जांच के बाद ही हो सकेगी।



जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी राशि से निर्मित सड़क का टिकाऊ होना जरूरी है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कराने, निर्माण की गुणवत्ता की तकनीकी जांच करने और अनियमितता की पुष्टि होने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

सड़क का निर्माण सांसद निधि से स्वीकृत सात लाख रुपये की राशि से कराया गया था। इसकी कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत लेंजवारा बताई गई है। ग्रामीणों की मांग है कि संबंधित तकनीकी अधिकारियों से सड़क का निरीक्षण कराया जाए। निर्माण में इस्तेमाल सामग्री, सड़क की मोटाई, दरारों और उखड़ती सतह की जांच कराई जाए, ताकि स्पष्ट हो सके कि सड़क की हालत खराब होने की वजह क्या है।

फोटो खिंचवाने के बाद बोर्ड ले जाने का आरोप

शासकीय निर्माण कार्यों में पारदर्शिता के लिहाज से सूचना बोर्ड महत्वपूर्ण होता है। इससे आम लोगों को निर्माण की लागत, कार्य एजेंसी और अन्य स्वीकृत विवरणों की जानकारी मिल सकती है। इस संबंध में सरपंच डिगेश्वरी रूपसिंग साहू ने बताया कि ठेकेदार ने निर्माण के दौरान केवल फोटो खिंचवाने के लिए लोहे का सूचना बोर्ड लगाया था। फोटो खिंचवाने के बाद वह बोर्ड निकालकर अपने साथ ले गया। सरपंच के मुताबिक, उन्होंने ठेकेदार को कई बार बोर्ड दोबारा बनवाकर लगाने के लिए कहा, लेकिन अब तक बोर्ड नहीं लगाया गया है। सरपंच के इस बयान के बाद सूचना बोर्ड को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

